# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Periodic Test 3(Round-1) (2025 – 2026)**

**Class : XI** **MM: 20**

**Subject: Hindi** **Time: :1 Hr**

Name: .------------------------------------ Roll No.:___________

---

सामान्य निर्देशः **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**प्र01 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

मुक्त करो नारी को, मानव।
चिर बंदिनी नारी को
युग-युग की बर्बर कारा से
जननी, सखी, प्यारी को।
छिन्न करो सब स्वर्ण-पाश
उसके कोमल तन-मन के,
वे आभूषण नहीं, दाम
उसके बंदी जीवन के।
उसे मानवी का गौरव दे
पूर्ण साथ दो नूतन,
उसका मुख जग का प्रकाश हो,
उठे अध अवगुंठन।
मुक्त करो जीवन, संगिनि को
जननि देवि को आदृत
जगजीवन में मानव के संग
हो मानवी प्रतिष्ठित
प्रेम स्वर्ग हो धरा, मधुर
नारी महिमा से मंडित,
नारी-मुख की नव किरणों से
युग-प्रभात हो ज्योतित।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर-

1. काव्यांश में कवि ने नारी के किन रूपों का उल्लेख किया है ? (1)

(क) जन्मदात्री माँ के रूप का (ख) सखी सहेली के रूप का

(ग) प्रियतमा रूप का (घ) क, ख, ग तीनों

2. कवि नारी के आभूषणों को किस रूप में देखता है? (1)

(क) अलंकरण के साधन के रूप में (ख) नारी की अपनी संपत्ति के रूप में

(ग) नारी की स्वतंत्रता की कीमत के रूप में (घ) नारी की पारंपरिक धरोहर के रूप में

3. कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. बंदिनी | (i) मानव के संग |
| 2. बर्बर | (ii) नारी |
| 3. जनजीवन | (III) कारा |

विकल्प -

(क) 1-(1), 2-(1), 3-(III) (ख) 1-(III), 2-(II), 3-(i)

(ग) 1-(II), 2-(III), 3-(i) (घ) 1-(i), 2-(III), 3-(II)

अतिलघूत्तरीय एवं लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर-

4.कवि नारी को किस दशा से मुक्त कराना चाहता है? वह उसके भिन्न-भिन्न रूपों का उल्लेख क्यों कर रहा है ? (2)

**प्र02** आपके क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिससे जन–जीवन को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए संपादक को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

सड़क पर अत्यधिक वाहनों के कारण जाम लग जाता है, जिससे आप समय पर विद्यालय नहीं पहुँच पाते हैं। सड़क जाम का वर्णन करते हुए अपने शहर के प्रमुख यातायात अधिकारी के नाम पत्र लिखिए।

**प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क** दुष्यंत की इस गजल का मिजाज बदलाव के पक्ष में है। इस कथन पर विचार करें । (3)

**ख** कवि दुष्यंत कुमार के अनुसार हमे कैसा जीवन जीना चाहिए ? (2)

**अथवा**

ग कवि उम्रभर के लिए पलायन क्यों करना चाहता है ? (2)

**प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क** आजादी के पूर्व किसानों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता था ? (3)

**अथवा**

**ख** भारत के विकास को लेकर आप क्या सपने देखते हैं ? (3)

**ग** नेहरू जी आजाद भारत के लिए क्या–क्या सपने देखते थे ? (2)

----000----